मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड के मैकैश पीपीआई वालेट, आधार और पैन प्रमाणन का उपयोग करने के लिए ग्राहकों हेतु सेवा के नियम व शर्तें.

साइट (नीचे परिभाषित) रजिस्टर करने, एक्सेस करने, ब्राउज़ करने, डाउनलोड करने या उपयोग करने से पहले निम्नलिखित नियमों व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें.

यह दस्तावेज सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 द्वारा यथा संशोधित विभिन्न संविधियों में इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख से संबंधित प्रावधानों के संदर्भ में इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख है. साइट एक्सेस या उपयोग करके या सेवा (नीचे परिभाषित) का उपयोग करके, आप किसी भी अतिरिक्त दिशानिर्देश और भविष्य में संशोधनों सहित नीचे दिए गए नियमों व शर्तों से बाध्य होने के लिए सहमत हैं. आप एतद् द्वारा www.manappuramdigital.com पर एमएएफआईएल पीपीआई वालेट वेबसाइट पर यथा उपलब्ध अकाउंट खोलने के नियमों व शर्तों और खाते के लिए लागू सामान्य नियमों को पढ़ने, समझने की पुष्टि करते हैं और आप उनसे बाध्य होंगे / उनका पालन करेंगे. एक बार अकाउंट खुल जाने के बाद, नीचे यथा सूचीबद्ध नियम और शर्तें भी ग्राहक द्वारा चुने गए उत्पाद के अनुसार लागू होंगी. यदि किसी भी समय आप इन नियमों व शर्तों से सहमत नहीं हैं या नीचे दिए गए नियमों व शर्तों से बंधे होने की इच्छा नहीं रखते हैं, तो आप साइट एक्सेस करना या उपयोग करना बंद कर सकते हैं और तुरंत सेवाओं का अपना उपयोग समाप्त कर सकते हैं.

1. परिभाषाएँ

ए. ''ग्राहक'' या ''आप'' से आशय उस व्यक्ति से है जिसने मैकैश वालेट का लाभ लेने के लिए एमएएफआईएल के पास पंजीकरण करवाया है और जिसने इन नियमों व शर्तों को स्वीकार कर लिया है और जो इंटरनेट कंपैटिबल डिवाइस का स्वामी है / संचालित करता है / तक पहुँच रखता है, जो मैकैश वालेट को सपोर्ट करता है.

बी. ''हम'', ''हमें'', ''हमारा'' से आशय मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड से है.

सी. ''एमएएफआईएल'' से आशय समय-समय पर यथा संशोधित कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत निगमित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड से है,जिसका अपना कॉर्पोरेट कार्यालय, आईवी / 470 (पुराना) डब्ल्यू638ए (नया), मणप्पुरम हाउस वालापैड, त्रिशूर, केरल, भारत - 680567 में है.

डी. ''मैकैश वालेट'' से आशय एमएएफआईएल द्वारा जारी पूर्व-दत्त भुगतान विपत्र से है जिसमें बेसिक अकाउंट और प्राइम अकाउंट शामिल है.

ई. ''शुल्क (शुल्कों)'' या ''सेवा शुल्क'' से आशय उन शुल्कों से है जो आप पर एमएएफआईएल द्वारा मैकैश वालेट की सदस्यता ध्यान में रखते हुए लगाए जा सकते हैं.

एफ. ''व्यक्ति-से-व्यक्ति हस्तांतरण'' मैकैश वालेट से एमएफआईएल द्वारा जारी किए गए किसी अन्य मैकैश वालेट या किसी बचत या चालू बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरित करने की सुविधा को संदर्भित करता है.

जी. ''व्यापारिक प्रतिष्ठान'' से आशय और उसमें शामिल हैं भौतिक व्यापारी, दूरस्थ व्यापारी और कोई भी अन्य आउटलेट, जिसे एमएएफआईएल द्वारा मैकैश वालेट का उपयोग करके भुगतान स्वीकार करने के लिए अधिकृत किया गया है.

एच. ''नामांकन प्रपत्र'' से आशय मैकैश वालेट नामांकन प्रपत्र से है, जैसा कि मैकैश वालेट का लाभ लेने और जारी रखने के लिए पंजीकरण के समय ग्राहक से एमएएफआईएल द्वारा माँगा जाएगा.

आई. ''बेसिक अकाउंट'' से आशय ओटीपी से सत्यापित मोबाइल नंबर, नाम की स्व-घोषणा, ई-मेल आईडी और समय-समय पर पीएमएल नियमों / आरबीआई के निर्देशों / किसी अन्य सांविधिक निकाय के अंतर्गत यथा अनिवार्य किसी भी 'आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज' की विशिष्ट पहचान संख्या जैसे ग्राहक से न्यूनतम विवरण प्राप्त करके जारी किए गए अर्ध-बंद प्रणाली भुगतान विपत्रों के रूप में वर्गीकृत ग्राहक मैकैश वालेट से है. अर्ध-बंद प्रणाली भुगतान विपत्रों की ऐसी श्रेणी के लिए, ग्राहकों से न्यूनतम विवरण प्राप्त करके जारी किए गए ऐसे वालेट के अंतर्गत लेनदेनों का प्रकार/प्रकृति समय-समय पर आरबीआई द्वारा अनुमत प्रकार/प्रकृति तक सीमित होगी.

जे. ''प्राइम अकाउंट'' से आशय केवायसी अनुपालक और अर्ध-बंद प्रणाली भुगतान विपत्र के रूप में वर्गीकृत ग्राहक मैकैश वालेट से है जो समय-समय पर आरबीआई द्वारा यथा संशोधित और अनुपूरित भारत में पूर्व-दत्त भुगतान विपत्र के निर्गमन और परिचालन (रिज़र्व बैंक) दिशा-निर्देश, 2009 पर आरबीआई के निर्देशानुसार व्यक्ति-से-व्यक्ति हस्तांतरण और सभी पहचाने गए व्यापारियों को भुगतान की अनुमति देता है.

के. ''केवायसी'' से तात्पर्य अपने ग्राहक को जानें से है और आरबीआई द्वारा जारी किए गए विभिन्न निर्देशों, समय-समय पर यथा संशोधित और अनुपूरित पीएमएलए अधिनियम (धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002) और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों को संदर्भित करता है, जिनके अंतर्गत एमएएफआईएल के लिए किसी भी सेवा प्रदाय से पहले ग्राहक से व्यक्तिगत पहचान विवरण प्राप्त करना आवश्यक है. मैकैश वालेट का लाभ लेने और जारी रखने के लिए एमएएफआईएल द्वारा पंजीकरण के समय और/या बाद की तारीख में ग्राहक से 'अपने ग्राहक को जानें' (केवायसी) दस्तावेज माँगे जा सकते हैं.

एल. ''पासवर्ड'' से आशय मैकैश वालेट एप्लिकेशन को सुरक्षित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले गुप्त पासवर्ड से है, जिसकी जानकारी के बिना आपका मैकैश वालेट परिचालनीय नहीं होगा.

एम. ''लेन-देन'' से आशय व्यक्ति-से-व्यक्ति हस्तांतरण या व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर वस्तुओं या सेवाओं की खरीद या मैकैश वालेट के बराबर राशि से है, यदि वस्तुएँ या सेवाएँ उपलब्ध नहीं हैं.

एन. ''व्यक्ति-से-व्यक्ति हस्तांतरण'' मैकैश वालेट से किसी भी बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरण की सुविधा को संदर्भित करता है.

ओ. ''आरबीआई'' से आशय भारतीय रिज़र्व बैंक से है.

2. व्याख्या

ए. सांविधिक प्रावधानों के संदर्भों को अर्थानुसार और तत्समय प्रभावी किसी भी संशोधन या उसके पुनः अधिनियमन के संदर्भ में, और सभी सांविधिक विपत्रों या ऐसे सांविधिक नियमों के अनुसार दिए गए आदेशों के संदर्भों सहित अन्वित किया जाएगा;

बी. इन उपयोगकर्ता नियमों में विभिन्न धाराओं के शीर्षक केवल त्वरित संदर्भ और पहचान के लिए हैं और इसके अंतर्गत धाराओं की विषय-वस्तु के विवरण के रूप में नहीं लिए जाने चाहिए. वे इन उपयोगकर्ता नियमों के विभिन्न नियमों में निहित प्रावधानों और व्याख्याओं को सीमित या अन्यथा परिवर्तित करने में सक्षम नहीं होंगे;

सी. एकवचन में बहुवचन और इसके विपरीत शामिल है, और लिंग सूचित करने वाले शब्दों में अन्य लिंग शामिल हैं.

डी. ''शामिल'' या ''सहित'' शब्दों के संदर्भों को बिना सीमाबंधन के अन्वित किया जाएगा;

ई. इन उपयोगकर्ता नियमों के या किसी भी अन्य समझौते, विलेख या अन्य विपत्र या दस्तावेज के संदर्भों को ऐसे समझौते, विलेख या अन्य विपत्र या दस्तावेज के संदर्भ के रूप में अन्वित किया जाएगा, जैसा कि वह समय-समय पर संशोधित, परिवर्तित या अनुपूरित किया जा सकता है.

एफ. प्राकृतिक व्यक्ति के किसी भी संदर्भ, जब तक कि संदर्भ के प्रतिकूल न हो, में उसके उत्तराधिकारी, निष्पादक और अनुमत समनुदेशिती शामिल हैं. इसी तरह, एमएएफआईएल जैसे कानूनी व्यक्ति के किसी भी संदर्भ, जब तक कि संदर्भ के प्रतिकूल न हो, में उसके सहयोगी, उत्तराधिकारी और अनुमत समनुदेशिती शामिल हैं.

जी. इन संपूर्ण उपयोगकर्ता नियमों में, हमारी पूर्व लिखित सहमति से आशय एमएएफआईएल अधिकृत प्रतिनिधि से, विशेष रूप से आपके अनुरोध के जवाब में आने वाले और विशेष रूप से उस गतिविधि या आचरण को संबोधित करने वाले पत्रव्यवहार से है जिसके लिए आप प्राधिकरण चाहते हैं.

3. सेवाओं का उपयोग करने के लिए पात्रता और पंजीकरण

ए. मैकैश वालेट का उपयोग करने के लिए आपकी आयु 18 वर्ष होनी चाहिए. आपको उक्त कंपनी या संस्था को इन नियमों से बाध्य करने के लिए प्राधिकरण के साथ अधिकृत प्रतिनिधि होना चाहिए. आप हमारे पंजीकरण प्रपत्र द्वारा यथा प्रेरित अपने या अपनी कंपनी के बारे में सटीक, वर्तमान और पूर्ण जानकारी (अपने ई-मेल पते

सहित) प्रदान करने और उसे परिशुद्ध, वर्तमान और पूर्ण रखने के लिए अपनी जानकारी (अपने ई-मेल पते सहित) बनाए रखने और अद्यतन करने के लिए सहमत हैं. यदि आपके द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी गलत, काल्पनिक, अयथार्थ, वर्तमान नहीं या अधूरी है, आपको सूचना के साथ या के बिना हम किसी भी अकाउंट या साइट या प्लेटफॉर्म/नेटवर्क का आपका उपयोग समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

बी. अपना अकाउंट एक्सेस करने के लिए आपको उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड जारी किया जाएगा. आपको पासवर्ड गोपनीय रखना चाहिए और उसे किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा नहीं करना चाहिए. आप अपने अकाउंट में सभी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार हैं, चाहे आपके द्वारा अधिकृत हों या नहीं. हालांकि, यदि आपको अपने अकाउंट या अपने उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड के किसी भी अनधिकृत उपयोग की जानकारी होती है, तो हमसे तुरंत संपर्क करें.

4. प्रलेखन

ए. सही और अद्यतन ग्राहक जानकारी का संग्रहण, सत्यापन, अंकेक्षण और अनुरक्षण एक सतत प्रक्रिया है और एमएएफआईएल सभी प्रासंगिक और लागू केवायसी आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किसी भी समय आवश्यक कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है. यदि आपके द्वारा प्रदान की गई सूचना और/या प्रलेखन में कोई विसंगतियाँ हैं तो एमएएफआईएल किसी भी समय सेवाओं को बंद करने / मैकैश वालेट के लिए आवेदन अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

बी. मैकैश वालेट प्राप्त करने के इरादे से एमएएफआईएल को प्रदान की गई कोई भी जानकारी एमएएफआईएल में निहित होगी, और एमएएफआईएल द्वारा अपने विवेकानुसार किसी भी लागू कानून या विनियमन से संगत किसी भी उद्देश्य के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है.

सी. यदि प्राइम अकाउंट खोलने/प्रव्रजन करने के लिए आपके द्वारा प्रदत्त केवायसी दस्तावेजों में दिए गए विवरण नामांकन प्रपत्र में उल्लेखित विवरणों से मेल नहीं खाते हैं, तो ग्राहक द्वारा ग्राहक की केवायसी आवश्यकताओं का अनुपालन करने के बाद अपने स्वयं के बैंक खाते (विधिवत रूप से एमएएफआईएल द्वारा सत्यापित) में धनराशि हस्तांतरित की जा सकती है या धनराशि 'वापस स्रोत' (भुगतान स्रोत जिससे पीपीआई लोड किया था) में हस्तांतरित की जा सकती है या 30 दिनों के भीतर धनराशि का उपयोग किया जा सकता है. निर्दिष्ट केवायसी दस्तावेज जमा न किए जाने तक आगे वालेट और लोड किए जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

5. मैकैश वालेट का उपयोग करने की सामान्य शर्तें

ए. आपको सफल पंजीकरण के तुरंत बाद, बेसिक अकाउंट जारी किया जाएगा. स्वयं पंजीकरण के समय पर या बाद की तारीख में आपके द्वारा अपना केवायसी दस्तावेज जमा करने के बाद आपका अकाउंट प्राइम अकाउंट में अपग्रेड कर दिया जाएगा और इसे एमएएफआईएल द्वारा सत्यापित और अनुमोदित किया जाएगा. मैकैश वालेट प्राइम अकाउंट सेवाएं सामान्यतः संबंधित प्रलेखन की प्राप्ति और सत्यापन के इक्कीस (21) कार्य दिवसों के भीतर सक्रिय हो जाएंगी. उपर्युक्त सेवाओं से संबंधित विस्तृत विशेषताओं, पंजीकरण प्रक्रिया, प्रलेखन प्रक्रियाओं, केवायसी आवश्यकताओं, अनुमत लेनदेनों, सेवा समाप्ति प्रक्रिया और अन्य संबंधित विवरणों के लिए कृपया .............................. देखें.

बी. आप .............................. में बताई गई किसी भी विधि के माध्यम से अपना मैकैश वालेट रिचार्ज कर सकते हैं. रिचार्ज आउटलेटों की सूची और मैकैश वालेट रिचार्ज करने की विधियाँ ग्राहक को बिना पूर्व सूचना के एमएएफआईएल के विवेकानुसार परिवर्तन के अधीन है.

सी. आप यह ध्यान रखें कि मैकैश वालेट से पैसा निकालने की अनुमति नहीं है. मैकैश वालेट में किसी भी बकाया क्रेडिट का केवल व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सदाशयी लेनदेन के लिए भुगतान करने और व्यक्ति-से-व्यक्ति हस्तांतरण या व्यक्ति से बैंक हस्तांतरण के लिए उपयोग किया जाना चाहिए. ग्राहक यह भी ध्यान रखें कि ऐसा व्यक्ति-से-व्यक्ति हस्तांतरण या व्यक्ति-से-बैंक हस्तांतरण केवल पूर्व-पंजीकृत लाभार्थी खातों के लिए और समय समय पर एमएएफआईएल द्वारा यथा निर्धारित कूलिंग अवधि के पश्चात अनुमत होगा.

डी. मैकैश वालेट केवल निवासी भारतीयों के लिए उपलब्ध है जिनकी आयु 18 वर्ष हो गई है और जो वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार अनुबंध करने में सक्षम हैं.

ई. मैकैश वालेट अहस्तांतरणीय है.

एफ. मैकैश वालेट की मुख्य आवश्यकताएँ/विशेषताएँ.

लिमिटेड केवायसी सेवाएँ / बेसिक अकाउंट   पूर्ण केवायसी सेवाएँ / प्राइम अकाउंट

दस्तावेज

स्व-पंजीकरण के समय आवश्यक आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज संख्या (उदाहरण, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाईसेंस, पैन, मतदाता पहचान पत्र)एमएएफआईएल शाखा के माध्यम से केवायसी.

आधिकारिक तौर पर मान्य दस्तोवेज

हाल की फोटो और पैन के साथ पहचान और पते का प्रमाण पत्र आवश्यक है

पंजीकरण का समय

तत्काल   तत्काल

पंजीयन शुल्क   शून्य   शून्य

वालेट   एमएएफआईएल शाखा के माध्यम से कैश लोड या क्रेडिट/डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग के माध्यम से स्वयं

लोड की सुविधा

अनुमत सेवा

व्यापारिक भुगतान   व्यापारिक भुगतान और घरेलू धनराशि हस्तांतरण

वालेट लोड सीमाएँ   किसी भी महीने के दौरान 10,000/- रूपए से अधिक नहीं होगा और वित्तीय वर्ष के दौरान लोड की गई कुल राशि 1,00,000/- रूपए से अधिक नहीं होगी.   1,00,000/- रूपए प्रति माह.

शाखा पर कैश लोडिंग वालेट प्रकार और सीमा की समग्र सीमा के अधीन 50.000/- रूपए प्रति माह

घरेलू धनराशि हस्तांतरण सीमाएँ

वालेट से बैंक और वालेट से वालेट घरेलू धनराशि हस्तातरण सीमा प्रति माह 10,000/- रूपए तक सीमित है. समय-समय पर एमएएफआईएल की सुरक्षा नीति के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकती है.

पूर्व-पंजीकृत लाभार्थियों के मामले में, धनराशि हस्तांतरण सीमा प्रति लाभार्थी प्रति माह 1,00,000/- रूपए तक सीमित है.

घरेलू धनराशि हस्तांतरण के लिए कूलिंग अवधि

वालेट निर्माण के पश्चात घरेलू धनराशि हस्तांतरण के लिए कूलिंग अवधि, लोड और लाभार्थी संयोजन, जैसा कि आरबीआई द्वारा समय-समय पर अनिवार्य बनाया गया है, लागू होगा.

लेन-देन / सुविधा शुल्क

अद्यतन शुल्कों के लिए मैकेश कस्टमर एप्लीकेशन पर होमुऔर अधिकृलेनदेन शुल्क / सीमा खंड देखें. सेवा शुल्क, यदि कोई है, भी प्रत्येक लेनदेन से पहले प्रदर्शित किया जाएगा.

समय-समय पर नियामकीय मानदंडों, अधिदेश और सुरक्षा परिपाटियों के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकते हैं.

7. एमएएफआईएल ग्राहक को उचित सूचना देने के बाद किसी भी कारण से, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं लेकिन जो इतने तक ही सीमित नहीं है, किसी भी समय आपकी मैकेश वालेट सेवाएँ निलंबित/बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

ए. समय-समय पर आरबीआई द्वारा जारी किए गए नियमों, विनियमों, आदेशों, निर्देशों, अधिसूचनाओं के किसी भी संदिग्ध उल्लंघन के लिए या इस दस्तावेज़ में उल्लेखित नियमों व शर्तों के उल्लंघन के लिए.

बी. आपके द्वारा प्रदान किए गए विवरण (विवरणों), प्रलेखन या नामांकन प्रपत्र में किसी भी संदिग्ध विसंगति के लिए;

सी. संभावित धोखाधड़ी, तोड़फोड़, दुराग्रहपूर्ण विध्वंस, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे से मुकाबला करने के लिए या किन्हीं अन्य अप्रत्याशित कारणों आदि से;

डी. यदि ऐसा तकनीकी विफलता, संशोधन, उन्नयन, भिन्नता, स्थानांतरण, या किसी आपात स्थिति के कारण मरम्मत और/या रखरखाव के लिए है.

ई. यदि ऐसा स्थलाकृतिक और भौगोलिक बाधाओं/सीमाओं के कारण किन्हीं भी प्रेषण न्यूनताओं के कारण है;

एफ. यदि वह मोबाइल कनेक्शन जिससे आपका मैकेश वालेट जुड़ा है, सक्रिय या आपके कब्जे या नियंत्रण में नहीं रह जाता है.

जी. यदि अपनी उचित राय में, एमएएफआईएल का मानना है कि समाप्ति/निलंबन आवश्यक है.

7. आपके मैकेश वालेट में संग्रहित मूल्य किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और इसका केवल व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सदाशयी लेनदेनों के लिए भुगतान करने हेतु और व्यक्ति-से-व्यक्ति हस्तांतरण या व्यक्ति-से-बैंक हस्तांतरण के लिए उपयोग किया जा सकता है. एमएएफआईएल द्वारा मैकेश वालेट में उपलब्ध बकाया राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा.

8. आपको केवल एक मैकेश वालेट बनाए रखने और संचालित करने की अनुमति है. इस आवश्यकता की कोई भी संदिग्ध अवज्ञा एमएएफआईएल द्वारा आपसे संबद्ध किसी भी / सभी वालेट के निलंबन/विच्छेदन का उचित कारण होगी.

6. वालेट शुल्क और वैधता

ए. आप एमएएफआईएल द्वारा निर्धारित सेवा शुल्क का भुगतान ऐसे भुगतान के लिए निर्धारित रूप और रीति से करेंगे. एमएएफआईएल द्वारा ग्राहक को उचित सूचना देने के बाद अपने विवेकानुसार सेवा शुल्कों में परिवर्तन, संशोधन, वृद्धि या कमी की जा सकती है.

बी. किसी भी लेन-देन का भुगतान करने के लिए प्रयुक्त आपके मैकेश वालेट में कोई भी मूल्य स्वचलित रूप से आपके मैकेश वालेट से डेबिट हो जाएगा. एमएएफआईएल की जिम्मेदारी आपका मैकेश वालेट डेबिट करने और किसी भी व्यापारिक प्रतिष्ठान को अनुगामी भुगतान तक सीमित है, जिसके साथ आप लेनदेन कर सकते हैं. एमएएफआईएल द्वारा किसी भी वस्तु और/या सेवाओं का समर्थन, प्रचार-प्रसार, हिमायत नहीं की जाती है या कि प्रतिभूति नहीं दी जाती है, जिन्हें मैकेश वालेट का उपयोग करके खरीदा/प्राप्त किया या खरीदने/प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित किया जा सकता है.

सी. एमएएफआईएल अपने एमएएफआईएल वालेट में लोड की गई किन्हीं राशियों या मैकेश वालेट का उपयोग करके आपके द्वारा खर्च/उपयोग की गई किन्हीं राशियों पर समय-समय पर वेबसाइट में प्रकाशित शुल्क संरचना के अनुसार शुल्क लगाने / कमीशन प्रभारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. यह प्रभार कटौती की जा रही कुल राशि पर, न कि हस्तांतरित की जा रही राशि पर है.

डी. एमएएफआईएल आपके अनुरोध के अनुसार संसाधित लेनदेन के लिए धनराशि की वसूली करने के लिए आपके वालेट में किसी भी शेष राशि को पृथक रखने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

7. वालेट समाप्ति और शेषराशि जब्ती

ए. वर्तमान में, एमएएफआईएल ने वालेट के लिए या मैकेश वालेट में शेष राशि की जब्ती के लिए कोई समाप्ति अवधि निर्दिष्ट नहीं की है.

बी. एमएएफआईएल भविष्य में वालेट की समाप्ति और शेषराशि की जब्ती के लिए लागू आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार नीति प्रचलित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. ऐसी किसी भी नीति, जिन्हें हम भविष्य में प्रचलित कर सकते हैं, से संबंधित नियम व शर्तें उस तिथि से प्रभावी होंगी जिसे स्पष्ट रूप से अर्ध-बंद वालेट के लिए उपयोग के नियमों के अंतर्गत इंगित किया जाएगा.

8. ग्राहक के दायित्व

ए. मैकेश वालेट की उपलब्धता संबद्ध दूरसंचार प्रदाता से सक्रिय मोबाइल फोन या इंटरनेट कनेक्शन के अनुरक्षण के अधीन है. मैकेश वालेट की उपलब्धता मोबाइल फोन हैंडसेट और अन्य एप्लिकेशन के अनुरक्षण के अधीन है, जिस पर सेवाएँ चलाई जा सकती हैं और ग्राहक मोबाइल हैंडसेट या किसी भी मैकेश वालेट चैनल या एप्लिकेशन का समर्थन नहीं करने वाले इंटरनेट सेवा प्रदाता के कारण सेवाओं की अनुपलब्धता से पैदा होने वाले सभी दायित्वों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं.

बी. अपने मैकेश वालेट से कोई भी लेनदेन निष्पादित करने से पहले आपको पर्याप्त धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए.

सी. आप पासवर्ड की गोपनीयता, रक्षा और सुरक्षा के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे. आप पासवर्ड के एकमात्र स्वामी होंगे और पासवर्ड के प्रकटीकरण और/या मैकेश वालेट के अनधिकृत उपयोग से उत्पन्न होने वाले परिणामों के लिए जिम्मेदार होंगे. पासवर्ड खो जाने या अनुपयुक्त हो जाने पर आप तुरंत ग्राहक सेवा नंबरों पर फोन करके एमएएफआईएल को सूचित करेंगे जहाँ इसके बाद पासवर्ड बाधित किया जाएगा और आवश्यक सत्यापन के बाद आपको नया पासवर्ड जारी किया जाएगा. मैकेश वालेट से जुड़ा मोबाइल फोन / सिम कार्ड खो जाने / चोरी हो जाने / अनुपयुक्त हो जाने / अब और आपके नियंत्रण में नहीं रह जाने पर आप तुरंत एमएएफआईएल को सूचित करेंगे. एमएएफआईएल ऐसी जानकारी की प्राप्ति पर संगत अकाउंट को ब्लॉक कर देगा.

डी. आप निश्चित व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ वहाँ उपलब्ध उत्पादों/सेवाओं के लिए सभी लेन–देनों के लिए केवल मैकैश वालेट का उपयोग करेंगे. व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सूची .............................. पर उपलब्ध है और यह बिना पूर्व सूचना के एमएएफआईएल के विवेकाधिकार पर परिवर्तनाधीन है.

ई. आप एमएएफआईएल को लिखित रूप से अपने पते में परिवर्तन, यदि कोई हो, के बारे में पते के प्रमाण पत्र के रूप में निर्धारित केवायसी दस्तावेजों के साथ सूचित करेंगे.

एफ. आप ऐसे किसी भी प्रयोजन के लिए, जिसे किसी भी लागू कानून, विनियम, दिशानिर्देश, न्यायिक आदेश, एमएएफआईएल की नीति या सार्वजनिक नीति के विपरीत या प्रतिकूल अर्थान्वित किया जा सकता है या ऐसे किसी भी प्रयोजन के लिए, जो एमएएफआईएल की ख्याति को नकारात्मक रूप से हानि पहुँचा सकता है, मैकैश वालेट का उपयोग नहीं करेंगे.

जी. आप स्वीकार करते और मानते हैं कि मैकैश वालेट आपके मोबाइल फोन नंबर से जुड़ा है और सेवाओं के संबंध में, आप मोबाइल फोन नंबर खोने / चोरी होने / दुरुपयोग किए जाने या संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाता द्वारा मोबाइल कनेक्शन निष्क्रियण से उत्पन्न होने वाले किसी भी दायित्व के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे.

एच. मैकैश वालेट का लाभ लेने के लिए आपके द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी और मैकैश वालेट का उपयोग करते समय प्रस्तुत की गई जानकारी, अन्य बातों के साथ, मैकैश वालेट की व्यवस्था सुगम बनाने के लिए, एमएएफआईएल द्वारा तृतीय पक्ष के साथ साझा की जा सकती है.

आई. आप सुनिश्चित करेंगे कि सेवाओं का विदेशी मुद्रा में लेन–देन के लिए उपयोग न किया जाए. मैकैश वालेट केवल भारत में जारी किया जाएगा और मान्य होगा और केवल भारत में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर उपयोग किया जाएगा.

जे. पूर्वगामी को सीमित किए बिना, आप सहमत हैं कि आप निम्नलिखित में से कोई भी कार्य करने या ऐसी कोई भी जानकारी प्रदर्शित, अपलोड, संशोधित, प्रकाशित, वितरित, प्रसारित, प्रेषित, अद्यतन या साझा करने के लिए एमएएफआईएल की वेब साइट (..............................) का उपयोग नहीं करेंगे :

1. जो अत्यंत हानिकारक, उत्पीडनकारी, ईशनिंदात्मक, अपमानजनक, अश्लील, पोर्नोग्राफिक, बच्चों के प्रति यौन आकर्षणात्मक, निंदात्मक, अन्य व्यक्ति की निजता के प्रति आक्रामक, घृणास्पद, या नस्लीय, नृजातीय रूप से आपत्तिजनक, नीचा दिखाने वाला, धनशोधन या जुए से संबंधित या प्रोत्साहनकारी या किसी भी रीति से अन्यथा गैरकानूनी है;

2. जो किसी भी पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट या अन्य स्वामित्व संबंधी अधिकारों का उल्लंघन करता है;

3. जिसमें वायरस, दूषित फ़ाइलें, या ऐसा ही कोई अन्य सॉफ़्टवेयर या प्रोग्राम है जिसे किसी भी कंप्यूटर स्रोत को बाधित करने, नष्ट करने या की कार्यक्षमता सीमित करने के लिए तैयार किया गया है या जो किसी अन्य व्यक्ति के कंप्यूटर, उसकी वेब–साइटों के परिचालन, किसी भी सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर, या दूरसंचार उपकरण को क्षति पहुँचा सकता है या उन्हें प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता हैं;

4. जो किसी भी व्यवसायिक उद्देश्य के लिए किन्हीं वस्तुओं या सेवाओं को बेचने का विज्ञापन या प्रस्ताव देता है;

5. जो प्रचार–प्रसार संबंधी सेवाओं, उत्पादों, सर्वेक्षणों, प्रतियोगिताओं, पिरामिड योजनाओं, स्पैम, अनचाहे विज्ञापन या प्रचार–प्रसार संबंधी सामग्रियों या चेनलेटर की प्रकृति का है;

6. जो किन्हीं लेखक अधिकारों, कानूनी या अन्य उचित नोटिसों या मालिकाना पदनाम या सॉफ़्टवेयर या अन्य विषय वस्तु की उत्पत्ति या स्रोत का लेबल मिथ्या सिद्ध करता या विलोपित करता है;

7. जो तत्समय प्रभावी किसी भी कानून का उल्लंघन करता है;

8. जो किसी अन्य व्यक्ति से संबंधित है जिसके प्रति आपका कोई अधिकार नहीं है;

9. जो मैकैश की वेबसाइटों, सर्वरों, या नेटवर्कों के साथ हस्तक्षेप करता या उसे बाधित करता है;

10. जो किसी अन्य व्यक्ति का रूप धारण करता है;

11. जो किसी भी प्रकार से अल्पवय को नुकसान पहुँचाता है;

12. जो अपनी वेबसाइटों के माध्यम से प्रसारित किसी भी विषय वस्तु की उत्पत्ति छिपाने या अपनी वेबसाइटों पर अपनी उपस्थिति में हेरफेर करने के लिए हेडर गढ़ता है या पहचानकर्ताओं या अन्य डेटा में हेरफेर करता है;

13. जो किसी गैरकानूनी गतिविधि में संलग्न है;

14. जो भारत की एकता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा या संप्रभुता, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, या लोक व्यवस्था को जोखिम में डालता है, या किसी संज्ञेय अपराध का कारित किया जाना प्रोत्साहित करता है, या किसी अपराध की जाँच रोकता है या किसी अन्य राष्ट्र का अपमान करता है.

9. मैकैश वालेट रिचार्ज

हम केवल पुनर्विक्रेता हैं. एमएएफआईएल मोबाइल सेवा नहीं प्रदान करता है और केवल दूरसंचार सेवा प्रदाताओं या ऐसे प्रीपेड रिचार्ज ('टेल्को' या 'टेल्कोस' या 'एमएनओ' या 'एमएनओस') के प्रदाताओं या अन्य वितरकों या ऐसे टेल्कोस के समूहकों (एग्रीगेटर्स) द्वारा प्रीपेड मोबाइल सेवाओं का पुनर्विक्रेता है. एमएएफआईएल टेल्कोस द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए गारंटीदाता, बीमाकर्ता या प्रत्याभूतिदाता नहीं है. हमारे द्वारा आपको बेचे गए रीचार्ज टेल्को द्वारा अनुबंध के किसी भी उल्लंघन के लिए हमारे विरूद्ध अवलंब के बिना बेचे जाते हैं. खरीदे जाने वाले रिचार्ज की गुणवत्ता, प्रदत्त मिनट, कीमत, समाप्ति या अन्य शर्तों के संबंध में कोई भी विवाद सीधे आपके (या रिचार्ज प्राप्तकर्ता) और टेल्को के बीच सुलझाए जाने चाहिए.

10. बिल भुगतान

ए. सेवा का उपयोग करने के लिए, आपको सीधे या वेब–आधारित विषय वस्तु एक्सेस करने वाली युक्तियों के माध्यम से वर्ल्ड वाइड वेब तक पहुँच प्राप्त करना और ऐसी पहुँच से जुड़े किसी भी सेवा शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है. इसके अलावा, आपके पास कंप्यूटर और मॉडिम या अन्य एक्सेस यंत्र सहित वर्ल्ड वाइड वेब से ऐसा कनेक्शान बनाने के लिए आवश्यक सभी उपकरण होने चाहिए.

बी. एमएएफआईएल और/या एमएएफआईएल के व्यापारिक भागीदार सेवाओं का लाभ लेने के लिए उपयोगकर्ता से शुल्क माँगने और वसूलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं. ये शुल्क एमएएफआईएल की वेबसाइट पर या एमएएफआईएल के व्यापारिक भागीदार के चैनल, जिसके माध्यम से आप सेवा का लाभ उठा रहे हैं, पर डाले जाने के समय से प्रभावी होंगे. आप ऐसे संशोधनों से बाध्य हैं और इसलिए समय–समय पर वर्तमान शुल्क की समीक्षा करने के लिए एमएएफआईएल की वेबसाइट पर जाएँ या एमएएफआईएल के व्यापारिक भागीदार के चैनल की जाँच करें, जिसके माध्यम से आप सेवा का लाभ उठा रहे हैं. यदि आप भुगतान निर्देशों को रोक देते हैं या वापसी चाहते हैं, जो जमा किया गया हो तो ऐसी स्थिति में एमएएफआईएल आपसे शुल्क माँगने और वसूलने का अधिकारी होगा और आप बिल भुगतान सेवा के प्रति ऐसे प्रभारों का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे जैसा कि एमएएफआईएल द्वारा तय किया जा सकता है. इन शुल्कों को आपके निर्दिष्ट भुगतान खाते पर या किसी अन्य रीति से प्रभारित किया जाएगा, जैसा कि एमएएफआईएल द्वारा तय किया जा सकता है.

सी. एमएएफआईएल मान्य भुगतान खाते का उपयोग करने वाले पहचाने गए बिलर (बिलर्स) के प्रति भुगतान करने के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित विधि प्रदान करता है.

डी. एमएएफआईएल के व्यापारिक भागीदार के आधार पर, जिसके माध्यम से आप सेवा का लाभ उठा रहे हैं:

i. सेवा की विशिष्ट सुविधाएँ भिन्न–भिन्न हो सकती है.

ii. सेवा पर उपलब्ध बिलर्स की संख्या भिन्न–भिन्न हो सकती है.

iii. भुगतान खातों का प्रकार और श्रेणी भिन्न–भिन्न हो सकती है जिनका भुगतान निर्देश जारी करने के लिए उपयोग किया जा सकता है.

iv. प्रणाली/उपकरण जिस पर सेवा तक पहुँचा जा सकता है, भिन्न–भिन्न हो सकते हैं; और

v. सेवा या सेवा के किसी भी पहलू का लाभ लेने के लिए प्रभार, शुल्क भिन्न–भिन्न हो सकते हैं. इन पहलुओं से संबंधित विशिष्ट विवरण एमएएफआईएल के व्यापारिक भागीदार या चैनल के पास उपलब्ध होंगे जिस पर सेवा का लाभ लिया जा रहा है.

ए. समय–समय पर, अपने पूर्ण विवेकाधिकार से एमएएफआईएल बिलर्स की ऐसी सूची या भुगतान खातों को जोड़ या हटा सकता है, जिनका बिलर को भुगतान करने के संबंध में उपयोग किया जा सकता है. किसी भी स्थिति में (i) भुगतान खातों का प्रकार और श्रेणी, जिनका भुगतान करने के लिए उपयोग किया जा सकता है, बिलर विनिर्देशों के आधार पर प्रत्येक बिलर के लिए भिन्न–भिन्न हो सकते हैं (ii) बिलर के संबंध में कुछ प्रकार के भुगतान खातों का उपयोग करने पर अतिरिक्त शुल्क/प्रभार हो सकते हैं; और (iii) जिन शर्तों पर किसी बिलर को भुगतान किया जा सकता है, इस आधार पर भिन्न–भिन्न हो सकते हैं कि भुगतान निर्देश जारी करने के लिए कार्ड का या बैंक खाते का उपयोग किया गया है. पुनश्च, एमएएफआईएल के व्यापारिक भागीदार द्वारा अनुमत विशिष्ट सुविधाओं के आधार पर, बिलर को भुगतान (a) भुगतान खाते के ऑनलाइन डेबिट/चार्ज के लिए भुगतान निर्देश जारी करके; या (b) भुगतान खाते का स्वचलित डेबिट अनुसूचित करके किया जा सकता है.

11. बिल भुगतान सेवा का उपयोग करने में, आप सहमत हैं :

1. अपने (पंजीकरण डेटा), अपने भुगतान खाते के विवरण (भुगतान डेटा), अपने बिलर विवरण (बिलर डेटा) के संबंध में सही, सटीक, वर्तमान और पूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए

2. पंजीकरण डेटा, भुगतान डेटा और बिलर डेटा सही, सटीक, वर्तमान और पूर्ण रखने, बनाए रखने और तुरंत अद्यतन करने के लिए. यदि आप कोई ऐसी जानकारी प्रदान करते हैं जो असत्य, गलत, वर्तमान नहीं या अधूरी है, या एमएएफआईएल के पास यह संदेह करने का उचित आधार है कि ऐसी जानकारी असत्य, गलत, वर्तमान नहीं या अपूर्ण है, तो एमएएफआईएल को आपका अकाउंट निलंबित या समाप्त करने या सेवा (या उसके किसी भाग) का कोई भी और सभी वर्तमान या भविष्य में उपयोग निषिद्ध करने का अधिकार है. शब्द बिलर में दूरसंचार ऑपरेटर शामिल हैं.

3. एमएएफआईएल कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है और अपने ऊपर कोई दायित्व नहीं लेगा यदि वह निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक परिस्थितियों के चलते भुगतान तिथि पर किसी भी भुगतान निर्देश (निर्देशों) को निष्पादित करने में असमर्थ रहता है :

ए. यदि आपके द्वारा जारी दिया गया/दिए गए भुगतान निर्देश अपूर्ण, गलत, अमान्य और विलंबित है/हैं.

बी. यदि भुगतान निर्देश में यथा वर्णित राशि का प्रबंध करने के लिए भुगतान खाते में अपर्याप्त धनराशि/सीमा है.

सी. यदि भुगतान खाते में उपलब्ध धनराशि किसी ऋणभार या प्रभार के अधीन है.

डी. यदि आपका बैंक या एनसीसी भुगतान निर्देश स्वीकार करने से मना कर देता है या विलंब करता है

ई. यदि प्राप्ति पर भी बिलर द्वारा भुगतान संसाधित नहीं किया जाता है.

एफ. एमएएफआईएल के नियंत्रण से परे परिस्थितियाँ (जिसमें आग, बाढ़, प्राकृतिक आपदाएँ, बैंक हड़ताल, बिजली कटना, सिस्टम या नेट की विफलता, अप्रत्याशित कारणों से या बाहरी बल के हस्तक्षेप के चलते कंप्यूटर या टेलीफोन लाइनों का टूटना, लेकिन यह इतने तक ही सीमित नहीं है)

1. यदि बिल भुगतान किसी कारण से संपन्न नहीं होता है, तो आपको ई–मेल और एसएमएस द्वारा विफल भुगतान के संबंध में सूचित किया जाएगा.

2. कुछ भी विपरीत होने के बावजूद, किसी भी कारण से, चाहे जो भी हो, और कार्यवाही का रूप चाहे जो हो, आपके प्रति हमारा अधिकतम संयुक्त दायित्व (चाहे दायित्व उपेक्षा या अन्य अपकृत्यों, अनुबंध के उल्लंघन, संविधि के उल्लंघन, गलतबयानी के कारण उत्पन्न होता हो या किसी अन्य कारण से उत्पन्न होता हो) हर समय कार्यवाही के कारण को जन्म देने वाली सेवाओं के भाग या साइट का उपयोग करने के लिए आपके द्वारा भुगतान की गई राशि, यदि कोई है, या पाँच हजार रुपए (रू. 5000), जो भी कम हो, तक सीमित होगा.

12. साइट का उपयोग

आप मानते हैं कि स्पष्ट रूप से एमएएफआईएल द्वारा प्रदान की जा रही इंगित सूचनाओं, उत्पादों या सेवाओं को छोड़कर, हम किसी भी तरह से इंटरनेट पर किन्हीं भी सूचनाओं, उत्पादों या सेवाओं का संचालन, नियंत्रण या समर्थन नहीं करते हैं. आप यह भी मानते हैं कि एमएएफआईएल गारंटी नहीं दे सकता है या गारंटी नहीं देता है कि साइट के माध्यम से डाउनलोड के लिए उपलब्ध फाइलें वायरस, वर्म्स या अन्य कोड से मुक्त होंगी जो हानिकारक हो सकते हैं. आप अपनी विशेष आवश्यकताएँ पूरा करने और डेटा इनपुट और आउटपुट की सटीकता के लिए प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं.

13. निषिद्ध आचरण

सेवाओं का उपयोग करके, आप सहमत हैं :

1. टेल्को का रिचार्ज खरीदने और/या इन नियमों व शर्तों के अनुसार सेवाओं या एमएएफआईएल द्वारा प्रदत्त इस प्रकार की सेवाओं तक पहुँचने के अलावा किन्हीं अन्य प्रयोजनों के लिए सेवाओं का उपयोग नहीं करने के लिए.

2. किसी भी व्यक्ति या संस्था का रूप नहीं धारण करने, किसी व्यक्ति या संस्था के साथ संबद्धता का गलत तरीके से दावा नहीं करने या अन्यथा मिथ्या कथन नहीं करने, या बिना अनुमति के दूसरों का अकाउंट एक्सेस नहीं करने, किसी अन्य व्यक्ति का जाली डिजिटल हस्ताक्षर नहीं गढ़ने, सेवाओं के माध्यम से प्रेषित जानकारी का स्रोत, पहचान, या विषय वस्तु का मिथ्या कथन नहीं करने; कोई ऐसी ही अन्य धोखाधड़ी वाली गतिविधि नहीं करने या जिसे हम संभावित रूप से धोखाधड़ी वाली धनराशि मानते हैं से रिचार्ज नहीं खरीदने के लिए.

3. हमारे या किसी तृतीय पक्ष के बौद्धिक संपदा अधिकारों, प्रचार या गोपनीयता के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करने के लिए.

4. यदि आप अभिभावकीय प्रायोजक के बिना अठारह (18) से कम आयु के हैं तो सेवाओं का उपयोग नहीं करने या यदि आप अभिभावकीय प्रायोजक के साथ भी तेरह (13) वर्ष से कम आयु के हैं, तो किसी भी स्थिति में सेवाओं का उपयोग नहीं करने और लागू कानून के अनुसार सेवाओं का उपयोग करने के लिए.

5. ऐसा कोई भी संदेश न डालने या प्रसारित करने के लिए जो अपमानजनक, मानहानिकारक है या जो किसी व्यक्ति से संबंधित निजी या व्यक्तिगत मामलों का खुलासा करता है

6. ऐसा कोई भी संदेश, डेटा, छवि या कार्यक्रम न डालने या प्रसारित करने के लिए जो प्रकृति में पौर्नोग्राफिक है.

7. जाँच में सहयोग करने या अपनी पहचान या किसी भी अन्य जानकारी की पुष्टि प्रदान करने से मना न करने के लिए जो आप एमएएफआईएल को प्रदान करते हैं.

8. सेवाओं या साइट की सुरक्षा–संबंधी सुविधाओं या सेवाओं के उपयोग पर सीमाएँ प्रवर्तित करने वाली सुविधाओं को न हटाने, बिगाड़ने, अक्षम करने, क्षति पहुँचाने या अन्यथा हस्तक्षेप न करने के लिए

9. रिवर्स इंजीनियरिंग, डिकंपाइल, डिसअसेंबल या अन्यथा सेवाओं या उसके किसी भी भाग का स्रोत कोड खोजने का प्रयास नहीं करने के लिए, सिवाय और केवल इस

सीमा तक कि इस प्रकार का निषेध इस प्रतिबंध के बावजूद लागू कानून द्वारा स्पष्ट रूप से निषिद्ध है.

10. ऐसी किसी भी रीति से सेवाओं का उपयोग न करने के लिए जो इसे क्षति पहुँचा सकता है, अक्षम कर सकता है, अधिक बोझ डाल सकता है, या इसे बिगाड़ सकता है, जिसमें बिना किसी सीमाबंधन के, स्वचलित रीति से सेवाओं का उपयोग करना शामिल है.

11. सेवाओं और साइट या उसके किसी भाग पर आधारित व्युत्पन्न कार्यों का संशोधन, अनुकूलन, अनुवाद या सृजन नहीं करने के लिए, सिवाय और केवल इस सीमा तक कि इस प्रकार का निषेध इस प्रतिबंध के बावजूद लागू कानून द्वारा स्पष्ट रूप से निषिद्ध है.

12. वायरस, ऐडवेयर, स्पायवेयर, वर्म्स, या अन्य दुर्भावनापूर्ण कोड या दूषित या विनाशकारी विशेषताओं वाली फ़ाइल अपलोड करने या अन्यथा प्रसारित करने सहित किसी भी साधन द्वारा सेवाओं के परिचालन या किसी अन्य उपयोगकर्ता के इसके उपभोग के साथ जानबूझकर हस्तक्षेप न करने या क्षति न पहुँचाने के लिए.

13. पूर्व लिखित अनुमति के बिना साइट की निगरानी करने या प्रतिलिपि बनाने के लिए किसी भी रोबोट, स्पाइडर, अन्य स्वचलित उपकरण, या मैन्युअल प्रक्रिया का उपयोग न करने के लिए

14. इस साइट या इस साइट से जुड़े नेटवर्क में हस्तक्षेप न करने या व्यवधान न डालने के लिए

15. हमारे अवसंरचना/नेटवर्क पर अनुचित रूप से या असमानुपातिक रूप से बड़ा भार डालने वाली कोई भी कार्यवाही न करने के लिए

16. साइट का रोबोट अपवर्जन हेडर बायपास करने के लिए किसी भी उपकरण, सॉफ्टवेयर या दिनचर्या का उपयोग न करने या सेवाओं के साथ हस्तक्षेप न करने या हस्तक्षेप करने का प्रयास न करने के लिए.

17. हमारी साइटों के माध्यम से प्रसारित किसी भी विषय वस्तु की उत्पत्ति छिपाने या हमारी साइटों पर अपनी उपस्थिति में हेरफेर करने के लिए हेडर न गढ़ने या पहचानकर्ताओं या अन्य डेटा में हेरफेर न करने के लिए.

18. सेवाएँ, सूचना, या इससे संबंधित या व्युत्पन्न सॉफ्टवेयर न बेचने के लिए.

19. ऐसी कोई भी गतिविधि करने या किसी भी गैरकानूनी गतिविधि या अन्य गतिविधि का निष्पादन उकसाने के लिए साइट की सुविधाओं और क्षमताओं का उपयोग न करने के लिए जो अन्य लोगों के अधिकारों का उल्लंघन करती हैं.

20. इस समझौते या किसी भी अन्य एमएएफआईएल समझौते या नीति का उल्लंघन न करने के लिए.

21. गलत, अशुद्ध या भ्रामक जानकारी न प्रदान करने के लिए.

22. साइट के अन्य उपयोगकर्ताओं के संबंध में बिना सीमा के वित्तीय जानकारी सहित व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित या प्राप्त करने के लिए साइट का उपयोग न करने के लिए.

23. जिसे एमएएफआईएल संभावित रूप से धोखाधड़ी वाली धनराशि मानता है से रिचार्ज नहीं खरीदने के लिए.

24. इस रीति से सेवाओं का उपयोग न करने के लिए जिसका परिणाम शिकायतें, विवाद, विपर्यय, शुल्क वापसी, शुल्क, एमएएफआईएल, तृतीय पक्ष या आप के प्रति जुर्माना, अर्थदंड और अन्य दायित्व हो या हो सकता है.

25. इस रीति से सेवाओं का उपयोग न करने के लिए जिसे एमएएफआईएल या कोई भी पेमेंट कार्ड नेटवर्क यथोचित रूप से भुगतान कार्ड प्रणाली का दुरुपयोग या भुगतान कार्ड नेटवर्क के नियमों का उल्लंघन मानता है.

26. ऐसी कोई भी कार्यवाही न करने के लिए जिसके कारण एमएएफआईएल को अपने सेवा प्रदाताओं, टेल्को, भुगतान संसाधकों या अन्य आपूर्तिकर्ताओं से कोई भी सेवा खोनी पड़ सकती है.

27. एमएएफआईएल से अग्रिम में स्पष्ट अनुमति के बिना साइट के सिस्टम को किसी भी प्रकार का स्वचलित अनुरोध न भेजने के लिए.

14. धनवापसी नीति

किसी धनवापसी या अदला-बदली की अनुमति के बिना रिचार्ज के सभी विक्रय अंतिम हैं. आप मोबाइल नंबर या डीटीएच अकाउंट नंबर जिसके लिए आप रिचार्ज खरीदते हैं और इन खरीदारियों के परिणामस्वरूप सभी प्रभारों के लिए जिम्मेदार हैं. एमएएफआईएल गलत मोबाइल नंबर या डीटीएच अकाउंट नंबर के लिए रिचार्ज की किसी भी खरीद के लिए जिम्मेदार नहीं है. हालाँकि, यदि आपके द्वारा साइट पर संपन्न किए गए लेन-देन में, धनराशि आपके कार्ड या बैंक अकाउंट पर प्रभारित हो गई है और आपके द्वारा लेनदेन पूरा होने के 24 घंटे के भीतर रिचार्ज डिलीवर नहीं किया जाता है, तो आप हमसे संपर्क करें पृष्ठ पर उल्लेखित हमारे ग्राहक सेवा के ई-मेल पते पर ई-मेल भेजकर हमें सूचित कर सकते हैं. कृपया ई-मेल में निम्नलिखित विवरण शामिल करें - मोबाइल नंबर (या डीटीएच अकाउंट संख्या), ऑपरेटर का नाम, रिचार्ज का मूल्य, लेनदेन की तिथि और आदेश संख्या. एमएएफआईएल द्वारा घटना की जाँच की जाएगी और यह पाए जाने पर कि आपके कार्ड या बैंक अकाउंट पर रिचार्ज की डिलीवरी के बिना धनराशि प्रभारित की गई है, तो आपके ई-मेल की प्राप्ति की तिथि से 21 कार्य दिवसों के भीतर आपको धनराशि वापस लौटा दी जाएगी. सभी धनवापसी आपके अर्ध बंद वालेट में जमा की जाएगी. आप अपने मैकैश वालेट से वापस स्रोत में धनराशि हस्तांतरित करने के लिए अपने मैकैश वालेट में अनुरोध ट्रिगर कर सकते हैं. आपके बैंक की नीति के आधार पर आपके बैंक अकाउंट में धनराशि प्रदर्शित होने में 3-21 दिन लगेंगे.

15. समापन; समझौते का उल्लंघन

आप सहमत हैं कि एमएएफआईएल किसी भी समय अपने पूर्ण विवेकाधिकार से किसी भी कारण से या बिना किसी कारण के, और किसी अर्थदंड के बिना, आपका अकाउंट (या उसका कोई भी भाग) या सेवाओं का आपका उपयोग निलंबित या समाप्त कर सकता है और आपका सारा अकाउंट या उसका कोई भी भाग, आपका उपयोगकर्ता प्रोफ़ाइल, या आपका प्राप्तकर्ता प्रोफ़ाइल हटा और नष्ट कर सकता है. एमएएफआईएल भी, अपने पूर्ण विवेकाधिकार से और किसी भी समय नोटिस के साथ या उसके बिना सेवाओं या उसके किसी भी भाग तक पहुँच प्रदान करना बंद कर सकता है. आप सहमत हैं कि सेवाओं या किसी भी अकाउंट, जो आपका हो सकता है या उसके भाग तक आपकी पहुँच की कोई भी समाप्ति बिना किसी पूर्व सूचना के लागू हो सकती है, और आप इस बात से सहमत हैं कि एमएएफआईएल ऐसी किसी भी समाप्ति के लिए आपके या किसी तृतीय पक्ष के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा. किसी भी संदिग्ध धोखाधड़ीभरी, अपमानजनक या अवैध गतिविधि को उचित कानून प्रवर्तन अधिकारियों को संदर्भित किया जा सकता है. किसी भी कारण से समाप्ति पर, आप तुरंत सेवाओं का उपयोग बंद करने के लिए सहमत हैं.

16. दायित्व और क्षतियों की सीमा

ए. किसी भी स्थिति में एमएएफआईएल या इसके संविदाकार, अभिकर्ता, अनुज्ञप्तिदाता, साझेदार, आपूर्तिकर्ता (i) इस समझौते, (ii) सेवाओं, साइट या किसी संदर्भ साइट, या (iii) सेवाओं, साइट (किसी भी और सभी विषय वस्तुओं सहित) या किसी भी संदर्भ साइट के आपके उपयोग या उपयोग करने में असमर्थता से उत्पन्न होने वाली या से संबंधित किसी विशेष, अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, परिणामी, दंडात्मक, विश्वास, या अनुकरणीय क्षति (जिसमें सीमाबंधन के बिना, खोया व्यवसायिक अवसर, खोया राजस्व, या प्रत्याशित लाभों की हानि या किसी भी प्रकृति की कोई भी अन्य आर्थिक या गैर-आर्थिक हानि या क्षति शामिल है) के लिए आपके प्रति उत्तरदायी नहीं होंगे, भले ही एमएएफआईएल या एमएएफआईएल अधिकृत प्रतिनिधि को इस तरह की क्षतियों की संभावना की सूचना दी गई हो.

बी. कुछ भी विपरीत होने के बावजूद, किसी भी स्थिति में एमएएफआईएल या इसके संविदाकार, निदेशकगण, कर्मचारीगण या अभिकर्ता (i) इस समझौते, (ii) सेवाओं (iii) सेवाओं या साइट (किसी भी और सभी विषय वस्तुओं सहित) या किसी भी संदर्भ साइट के आपके उपयोग या उपयोग करने में असमर्थता (ळीं) मैकैश के साथ

किसी भी अन्य अंतरक्रिया, चाहे जैसे भी हुई हो, से उत्पन्न होने वाली या उससे संबंधित और चाहे उपेक्षा, गारंटी या अन्यथा सहित अनुबंध, अपकृत्य से उत्पन्न होने वाली, कार्यवाही के कारण को जन्म देने वाली सेवाओं के भाग या साइट का उपयोग करने के लिए आपके द्वारा भुगतान की गई राशि, यदि कोई है, या पाँच हजार रुपए (रू. 5000), जो भी कम हो, से अधिक होती है, किन्हीं भी क्षतियों, दायित्वों, हानियों और कार्यवाहियों के लिए आपके प्रति उत्तरदायी नहीं होंगे.

सी. आप स्वीकार करते और सहमत हैं कि एमएएफआईएल ने इसमें दिए गए गारंटी अस्वीकरणों और दायित्व की सीमाओं पर भरोसा करते हुए अपने उत्पादों और सेवाओं की पेशकश की है, इसकी कीमतें को निर्धारित किया है, और यह समझौता किया है, कि इसमें दिए गए गारंटी अस्वीकरण और दायित्व की सीमाएँ आपके और एमएएफआईएल के बीच जोखिम का उचित और निष्पक्ष आवंटन प्रतिबिंबित करती हैं, और यह कि गारंटी का अस्वीकरण और दायित्व की सीमाएँ आपके और एमएएफआईएल के बीच सौदेबाजी का अनिवार्य आधार बनाती हैं. एमएएफआईएल इन सीमाओं के बिना आपको आर्थिक रूप से उचित आधार पर सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम नहीं होगा.

17. क्षतिपूर्ति

आप एमएएफआईएल, इसके सहयोगियों, संविदाकारों, कर्मचारियों, अधिकारियों, निदेशकों, अभिकर्ताओं और इसके तृतीय पक्ष आपूर्तिकर्ताओं, अनुज्ञप्तिदाताओं, और साझेदारों की सेवाओं या साइट के आपके उपयोग या दुरुपयोग, आपके द्वारा इस समझौते के किसी भी उल्लंघन, या इसमें आपके द्वारा किए गए अभ्यावेदनों, दी गई गारंटियों, और की गई प्रसंविदाओं के किसी भी उल्लंघन से उत्पन्न होने वाले या से संबंधित किसी भी और सभी दावों, हानियों, क्षतियों और दायित्वों, लागतों और खर्चों, जिसमें सीमाबंधन के बिना कानूनी शुल्क और खर्च शामिल हैं, से क्षतिपूर्ति करने और बचाने और हानिरहित रखने के लिए सहमत हैं. एमएएफआईएल निपटान करने के अधिकार सहित आपके खर्च पर किसी भी मामले की अनन्य रक्षा और नियंत्रण ग्रहण करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिसके लिए आपको एमएएफआईएल की क्षतिपूर्ति करना आवश्यक है, और आप एमएएफआईएल की रक्षा और इन दावों के निपटान में एमएएफआईएल के साथ सहयोग करने के लिए सहमत हैं. एमएएफआईएल आपको किसी भी दावे, कार्रवाई, या तृतीय पक्ष द्वारा लाई गई कार्यवाही के संबंध में अवगत होने पर सूचित करने के लिए उचित प्रयासों का उपयोग करेगा जो पूर्वगामी क्षतिपूर्ति के अधीन है. यह अनुच्छेद इस समझौते के समाप्त होने पर भी अस्तित्व में रहेगा.

18. अस्वीकरण; कोई गारंटियाँ नहीं

लागू कानून के अनुसार अनुमेय पूर्ण सीमा तक, एमएएफआईएल और उसके तृतीय पक्ष साझेदारों, अनुज्ञप्तिदाताओं, और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सभी गारंटियों, सांविधिक, व्यक्त या विवक्षित, का अस्वीकरण किया जाता है, जिसमें व्यापारिकता की गारंटियाँ, विशेष उद्देश्य के लिए उपयुक्तता, और स्वामित्व अधिकारों का कोई उल्लंघन शामिल है लेकिन जो इतने तक की सीमित नहीं है. एमएएफआईएल से या सेवाओं या साइट के माध्यम से आपके द्वारा प्राप्त की गई कोई भी सूचना या जानकारी, चाहे मौखिक हो या लिखित, इसमें स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं गारंटी का सृजन नहीं करेगी. आप स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं कि जैसा कि इस खंड में प्रयोग किया गया है, शब्द ''एमएएफआईएल'' में एमएएफआईएल के अधिकारी, निदेशकगण, कर्मचारीगण, अंशधारक, अभिकर्ता, अनुज्ञप्तिदाता, उप–संविदाकार और संबद्ध कंपनियाँ शामिल हैं. आप स्वीकार करते हैं कि एमएएफआईएल मोबाइल रिचार्ज का पुनर्विक्रेता है और दरों, गुणवत्ता और अन्य सभी उदाहरणों के कारण, चाहे ऐसे किसी भी टेल्को ग्राहक के प्रति हो या अन्यथा, किसी भी तृतीय पक्ष (टेल्को एवं आपूर्तिकर्ता) के दायित्वों लिए उत्तरदायी नहीं है. आप स्पष्ट रूप से सहमत हैं कि सेवाओं और साइट का उपयोग आपके पूर्ण जोखिम पर है. साइट के माध्यम से या सामान्य रूप से इंटरनेट पर उपलब्ध करवाई गई सभी राय, परामर्श, सेवाओं, वाणिज्य वस्तु और अन्य जानकारी की सटीकता, पूर्णता और उपयोगिता का मूल्यांकन करना आपकी जिम्मेदारी है. हम गारंटी नहीं देते हैं कि सेवा निर्बाध या त्रुटि–मुक्त होगी या साइट के दोषों को ठीक किया जाएगा. सेवाएँ और साइट और कोई भी डेटा, सूचना, तृतीय पक्ष के सॉफ्टवेयर, संदर्भ साइटें, सेवाएँ, या सेवाओं और साइट के साथ या के माध्यम से उपलब्ध करवाए गए सॉफ्टवेयर ''जैसे हैं'' और ''जैसे उपलब्ध है'', ''सभी दोषों के साथ'' आधार पर और या तो व्यक्त या विवक्षित किसी भी प्रकार की गारंटियों या अभ्यावेदनों के बिना उपलब्ध करवाए जाते हैं. एमएएफआईएल, और इसके तृतीय पक्ष आपूर्तिकर्ताओं, अनुज्ञप्तिदाताओं, और साझेदारों द्वारा यह गारंटी नहीं दी जाती है कि डेटा, एमएएफआईएल सॉफ़्टवेयर, फ़ंक्शन, या सेवाओं, साइट या किन्हीं संदर्भ साइटों पर या के माध्यम से प्रदान की गई कोई अन्य जानकारी निर्बाध, या त्रुटियों, वायरस या अन्य हानिकारक घटकों से मुक्त होगी और गारंटी नहीं दी जाती है कि किसी भी पूर्वगामी को सुधारा जाएगा. एमएएफआईएल और इसके तृतीय पक्ष आपूर्तिकर्ताओं, अनुज्ञप्तिदाताओं, और साझेदारों द्वारा शुद्धता, सटीकता, विश्वसनीयता, या अन्यथा के संदर्भ में सेवाओं, साइट या किन्हीं संदर्भ साइटों के उपयोग या उपयोग के परिणामों के संबंध में कोई गारंटी या अभ्यावेदन नहीं दिया जाता है. आप समझते हैं और सहमत हैं कि आप अपने विवेकानुसार और जोखिम पर सेवाओं, साइट या किन्हीं भी संदर्भ साइटों के माध्यम से जानकारी, विषय वस्तु, या डेटा का उपयोग, डाउनलोड करते हैं, या अन्यथा प्राप्त करते हैं और यह कि आप डाउनलोड या ऐसी सामग्री या डेटा के उपयोग से उत्पन्न होने वाली अपनी संपत्ति (आपके कंप्यूटर सिस्टम और उपकरण सहित) को किसी भी क्षति या डेटा की हानि के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे. हम किसी को भी अपनी ओर से कोई गारंटी देने के लिए अधिकृत नहीं करते हैं और आपको ऐसे किसी भी कथन पर भरोसा नहीं करना चाहिए. यह अनुच्छेद इस समझौते की समाप्ति पर भी अस्तित्व में बना रहेगा. किसी भी स्थिति में, एमएएफआईएल साइट के उपयोग या उसका उपयोग करने में असमर्थता से उत्पन्न होने वाली किसी भी आकस्मिक, परिणामी, या अप्रत्यक्ष क्षतियों (जिसमें लाभ की हानि के लिए क्षतियाँ, व्यापार अवरोध, कार्यक्रमों या जानकारी की हानि, आदि शामिल है लेकिन जो इतने तक ही सीमित नहीं है) के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.

19. स्वामित्व; साम्पत्तिक अधिकार

सेवाएँ और साइट एमएएफआईएल और/या तृतीय पक्ष अनुज्ञप्तिदाताओं द्वारा स्वामित्वाधीन और परिचालित हैं. विजुअल इंटरफेस, ग्राफिक्स, डिज़ाइन, संकलन, सूचना, कंप्यूटर कोड (सोर्स कोड और ऑब्जेक्ट कोड सहित), उत्पाद, सॉफ्टवेयर, सेवाएँ और एमएएफआईएल द्वारा प्रदान की गई सेवाओं और साइट के अन्य सभी तत्व (''सामग्रियाँ'') भारतीय कॉपीराइट, व्यापार ड्रेस, पेटेंट, और ट्रेडमार्क कानून, अंतर्राष्ट्रीय अभिसमयों, और अन्य सभी प्रासंगिक बौद्धिक संपदा और स्वामित्व अधिकारों, और लागू कानूनों द्वारा सुरक्षित हैं. जैसा कि आपके और एमएएफआईएल के बीच है, साइट पर मौजूद सभी विषय वस्तु, व्यापार चिह्न, सेवा चिह्न और व्यापार नाम एमएएफआईएल और/या तृतीय पक्ष अनुज्ञप्तिदाताओं या आपूर्तिकर्ताओं की संपत्ति हैं. आप सेवाओं से जुड़ी या के भीतर निहित या सेवाओं के साथ या के माध्यम से एक्सेस किए गए एमएएफआईएल या किसी भी तृतीय पक्ष कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, या अन्य स्वामित्वों अधिकारों की नोटिस न हटाने, अप्रचलित करने या परिवर्तित करने के लिए सहमत हैं. सिवाय जैसा कि एमएएफआईएल द्वारा स्पष्ट रूप से अधिकृत किया गया है, आप सामग्रियाँ न बेचने, लाइसेंस न देने, वितरित न करने, प्रतिलिपि न बनाने, संशोधित न करने, सार्वजनिक रूप से न दिखाने या प्रदर्शित न करने, प्रेषित न करने, प्रकाशित न करने, संपादित न करने, अनुकूलित न करने, से व्युत्पन्न रचनाओं का सृजन न करने, या अन्यथा अनधिकृत उपयोग न करने के लिए सहमत हैं. इस समझौते में स्पष्ट रूप से प्रदान नहीं किए गए सभी अधिकार एमएएफआईएल सुरक्षित रखता है. यदि आपकी सेवाओं और साइट के संबंध में टिप्पणियाँ या इसमें सुधार लाने के संबंध में विचार हैं, तो कृपया ग्राहक सेवा से संपर्क करें. कृपया ध्यान रखें कि ऐसा करके आप एतद द्वारा अपरिवर्तनीय रूप से एमएएफआईएल को सभी अधिकार, स्वत्व , इसमें और सभी विचारों और सुझावों में रूचि और इससे संबंधित कोई और सभी वैश्विक बौद्धिक संपदा अधिकार निर्दिष्ट करते हैं और करेंगे. आप ऐसे कार्य संपन्न करने और ऐसे दस्तावेज निष्पादित करने के लिए सहमत हैं जैसा कि पूर्वगामी अधिकारों को पूर्ण बनाने के लिए यथोचित रूप से आवश्यक हो सकते हैं.

20. अतिरिक्त नियम व शर्तें

ए. जब आप किसी भी एमएएफआईएल सेवाओं के माध्यम से व्यापारिक प्रतिष्ठान से वस्तुएँ, सॉफ्टवेयर या कोई अन्य सेवाएँ प्राप्त करते हैं, तो आप मानते और सहमत हैं कि, एमएएफआईएल आपके और व्यापारिक प्रतिष्ठान के बीच अनुबंध का पक्ष नहीं है. एमएएफआईएल अपनी वेबसाइट से जुड़े किसी भी विज्ञापनदाता या व्यापारी का

समर्थन नहीं करता है. इसके अलावा, एमएएफआईएल आपके द्वारा प्रयुक्त व्यापारिक प्रतिष्ठान की सेवाओं की निगरानी करने के लिए किसी दायित्व के अधीन नहीं है; व्यापारिक प्रतिष्ठान गारंटियों या प्रत्याभूतियों सहित अनुबंध (सीमाबंधन के बिना) के अंतर्गत अकेले ही सभी दायित्वों के लिए जिम्मेदार होगा. किसी भी व्यापारी प्रतिष्ठान के साथ कोई भी विवाद या के विरूद्ध शिकायत ग्राहक द्वारा व्यापारिक प्रतिष्ठान के साथ सीधे सुलझाई जानी चाहिए. यह स्पष्ट किया जाता है कि एमएएफआईएल मैकैश वालेट का उपयोग करके खरीदी गई वस्तुओं और/या सेवाओं में किसी भी कमी के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा. दायित्व का यह अपवर्जन प्रचार-प्रसार संबंधी योजनाओं के अंतर्गत एमएएफआईएल द्वारा उपलब्ध करवाई गई वस्तुओं और/या सेवाओं के लिए भी लागू होगा. आपको किसी भी वस्तु और/या सेवा की गुणवत्ता, मात्रा और उपयुक्तता के संबंध में उसे खरीदने से पहले अपने आपको संतुष्ट करने का निर्देश दिया जाता है.

बी. ग्राहक द्वारा किसी भी व्यापारिक प्रतिष्ठान को गलती से हस्तांतरित की गई कोई भी धनराशि किसी भी परिस्थिति में एमएएफआईएल द्वारा ग्राहक को वापस नहीं लौटाई जाएगी.

सी. किसी तृतीय-पक्ष साइट के लिए एमएएफआईएल साइट पर कोई भी वेब-लिंक उस वेबलिंक का समर्थन नहीं है. ऐसे किसी भी अन्य वेब-लिंक का उपयोग या ब्राउज़ करने पर, आप ऐसे प्रत्येक वेब-लिंक के नियमों और शर्तों के अधीन होंगे.

डी. किसी भी विवाद की स्थिति में, एमएएफआईएल के अभिलेख मैकैश वालेट के उपयोग के माध्यम से किए गए लेनदेनों के निर्णायक साक्ष्य के रूप में बाध्यकारी होंगे.

ई. एमएएफआईएल एसएमएस और/या ईमेल द्वारा सभी ग्राहक संप्रेषण भेजेगा और मोबाइल फोन ऑपरेटर द्वारा डिलीवरी के लिए प्रस्तुत किए जाने के बाद एसएमएस आपके द्वारा प्राप्त किया गया माना जाएगा.

एफ. आप एमएएफआईएल से लेनेदेन संबंधी संदेशों सहित सभी वाणिज्यिक संदेश प्राप्त करने के लिए सहमत हैं.

21. नियमों, प्लेटफार्म का संशोधन

ए. एमएएफआईएल अपने पूर्ण विवेकाधिकार से किसी भी समय नियमों, साइट या प्लेटफॉर्म/नेटवर्क में संशोधन करने, परिवर्तन करने, संयोजन करने या समाप्त करने (सामूहिक रूप से ''परिवर्तन'') का अधिकार सुरक्षित रखता है. साइट या प्लेटफॉर्म/नेटवर्क का आपका निरंतर उपयोग ऐसे किसी भी परिवर्तन की स्वीकृति माना जाएगा. आपको यह सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर इन नियमों को देखना सुनिश्चित करना चाहिए कि आप सबसे हाल के संस्करण से परिचित हैं.

बी. एमएएफआईएल आंतरिक नीतियों, प्रासंगिक प्राधिकारियों/नियामकों द्वारा निर्धारित नियमों, विनियमों और कानूनों में किसी भी बदलाव के कारण किसी भी समय ग्राहक को पूर्व सूचना देकर या दिए बिना ग्राहक का मैकैश वालेट संशोधित, समाप्त या निलंबित कर सकता है.

सी. आपके द्वारा प्रस्तावित इन नियमों व शर्तों में कोई भी संशोधन तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक कि इसे संशोधन प्रपत्र के माध्यम से लिखित में नहीं बदला और एमएएफआईएल द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता है. इस खंड के अंतर्गत किए गए संशोधनों को इन नियमों व शर्तों का भाग माना जाएगा और किसी भी असंगति की स्थिति में, संशोधन प्रपत्र अभिभावी होगा. इसमें दिए गए नियम व शर्तें समय-समय पर आरबीआई द्वारा जारी अधिसूचना/दिशानिर्देशों के अधीन होंगी.

22. कानून का अनुपालन

मैकैश वालेट भारत में पूर्व-दत्त भुगतान विपत्र के निर्गमन और परिचालन (रिजर्व बैंक) दिशा-निर्देश, 2009 (समय-समय पर यथा संशोधित और अनुपूरित) पर आरबीआई के निर्देशानुसार नियंत्रित और साथ ही मोचन, पुनर्भुगतान, उपयोग आदि के संबंध में समय-समय पर आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों/निर्देशों के अधीन है. लागू कानून, विनियम या दिशानिर्देश के आपके किसी भी उल्लंघन के लिए एमएएफआईएल जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा. आप एतद्द्वारा घोषित करते हैं कि आपका नाम कभी भी आतंकवादी व्यक्तियों/संगठनों की समेकित सूची में नहीं दिखाई देगा, जैसा कि समय-समय पर आरबीआई द्वारा परिचालित किया गया है.

23. गोपनीयता

संप्रेषण की गोपनीयता आरबीआई द्वारा प्रदान किए गए प्राधिकरण प्रमाण पत्र की शर्तों और आरबीआई की अधिसूचनाओं/दिशानिर्देशों आदि के अधीन है. आप विशेष रूप से सहमत हैं कि मैकैश वालेट की व्यवस्था सुविधाजनक बनाने के लिए, एमएएफआईएल को किसी भी प्राधिकरण, सांविधिक या अन्यथा, से आपसे संबंधित किसी भी जानकारी या विवरण का प्रकटीकरण करने की आवश्यकता पड़ सकती है.

24. आधार और पैन आधारित केवायसी प्रमाणन

1. आप बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का उपयोग करके भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) से आपका जनसांख्यिकीय विवरण प्राप्त करने के लिए एमएएफआईएल को अपनी सम्मति प्रदान करते हैं, जिसका आरबीआई विनियमों द्वारा यथा अनिवार्य केवायसी उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाएगा. जनसांख्यिकीय विवरण में नाम, जन्मतिथि, लिंग, पता और फोटो शामिल हैं. आप यूआईडीएआई से अपना संपर्क विवरण प्राप्त करने के लिए पुनः एमएएफआईएल को सम्मति प्रदान करते हैं जिसमें एक ही डेटा का उपयोग करके एमएएफआईएल पीपीआई वालेट निर्माण के उद्देश्य से और केवल ग्राहक द्वारा उपयोग के लिए संपर्क नंबर और ईमेल आईडी शामिल है.

2. आप एतद द्वारा आपका पैन विवरण प्राप्त करने और सत्यापित करने के लिए एमएएफआईएल को अपनी सम्मति प्रदान करते हैं जिसका आरबीआई विनियमों द्वारा यथा अनिवार्य केवायसी उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाएगा.

3. आपको एमएएफआईएल वालेट के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होने के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु का और भारतीय पते के साथ भारत का निवासी होना चाहिए.

4. आप इसके साथ पुष्टि करते हैं कि आपने किसी भी वित्तीय संस्थान के पास कोई अन्य अकाउंट खोलने के लिए ओटीपी आधारित आधार (ई-केवायसी) सत्यापन का उपयोग नहीं किया है.

5. यदि यूआईडीएआई आधारित ओटीपी के माध्यम से अकाउंट खोला जाएगा, तो वह एक सीमित ई-केवायसी अकाउंट होगा, जिसमें आपका 1 लाख से अधिक का क्रेडिट शेष नहीं हो सकता है या जैसा कि समय-समय पर आरबीआई द्वारा अनिवार्य किया गया है.

6. आप अपनी निकटतम एमएएफआईएल शाखा पर जाकर/आधार/यूआईडीएआई एसएमएस ओटीपी आधारित ई-केवायसी अकाउंट खोलने के 12 महीनों के भीतर अपनी बायोमेट्रिक जानकारी प्रदान करके अपना पूर्ण केवायसी पूरा करने के लिए सहमत हैं.

7. आप सहमत हैं कि 12 महीनों के भीतर अपना पूर्ण केवायसी पूरा करने में विफलता के चलते आपका अकाउंट एमएएफआईएल द्वारा बंद कर दिया जाएगा. आप पूर्ण केवायसी पूरा होने पर ही धनराशि निकालने/किसी भी लेन-देन के लिए अपने अकाउंट का उपयोग करने के लिए आगे बढ़ सकते हैं.

8. अकाउंट पूर्णरूपेण फ्रीज कर दिए जाने की स्थिति में, आप सहमत हैं कि उपार्जित ब्याज (यदि कोई है) के साथ रखी गई ऐसी जमाओं पर मूल धनराशि अपना पूर्ण केवायसी पूरा करने पर ही आपको देय होगी.

9. आप सहमत हैं कि इस तरह का अकाउंट एमएएफआईएल द्वारा नियमित रूप से जाँच और निगरानी के अधीन होगा और एमएएफआईएल अपने पूर्ण विवेकाधिकार से अकाउंट पूरी तरह से फ्रीज/डेबिट फ्रीज और बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखेगा.

10. यदि आप किसी भी कारण से पूर्ण केवायसी प्रदान करने में विफल रहते हैं, तो आप मानते हैं और सहमत हैं कि एमएएफआईएल अकाउंट बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और ऐसे परिदृश्य के लिए यथा लागू आरबीआई की नीति लागू होगी.

11. जब तक कि आपकी ऑन-बोर्डिंग प्रक्रिया अपूर्ण रहेगी, आप एमएएफआईएल द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का आनंद नहीं ले पाएंगे.

12. आप एतद्द्वारा घोषणा और पुष्टि करते हैं कि एमएएफआईएल इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रदान किए गए सभी/किसी भी संप्रेषण, जानकारी और विवरणों पर भरोसा करने का अधिकारी होगा और इस तरह के सभी संचार, सूचना और विवरण अंतिम और कानूनी रूप से आप पर बाध्यकारी होंगे.

13. जैसा कि किसी भी कानूनी, आरबीआई अधिनियम द्वारा अनिवार्य किया गया है, आप एमएएफआईएल को संबंधित नियामकीय और कानून प्रवर्तन प्राधिकारियों से अपना मोबाइल नंबर और विवरण साझा करने के लिए अधिकृत करते हैं.

25. इलेक्ट्रॉनिक संप्रेषण और लेनदेनों के लिए सहमति

नीचे दी गई साइट का उपयोग करने के लिए पंजीकरण करके, आप लेनदेन करने और हमसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से, चाहे ई–मेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से भेजा जाए, संप्रेषण, नोटिस और सूचनाएँ प्राप्त करने की सहमति देते हैं. जब एमएएफआईएल अपने अभिलेखों के अनुसार ईमेल पते/मोबाइल नंबर पर इलेक्ट्रॉनिक संचार भेजे देगा, या जब हम एमएएफआईएल की साइट पर इलेक्ट्रॉनिक संचार डाल देंगे तो इलेक्ट्रॉनिक संप्रेषण आपके द्वारा प्राप्त किया गया माना जाएगा. ऐसे इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन और संप्रेषण की आवश्यकताएँ निम्नानुसार हैं :

ए. आपकी इंटरनेट, मोबाइल वेब, एप्लिकेशन और वैध ई–मेल तक पहुँच होनी चाहिए.

बी. आप एमएएफआईएल से संपर्क करके किसी भी समय अपनी सहमति वापस ले सकते हैं, लेकिन हम ऐसी वापसी पर आपका अकाउंट समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं. आपकी सहमति की वापसी से पहले से इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त किसी भी नोटिस, विवरण या प्रकटीकरण की कानूनी वैधता और प्रवर्तनीयता प्रभावित नहीं होगी.

सी. यदि आपके ईमेल पते या अन्य संपर्क विवरण में परिवर्तन होता है तो आप अपनी अकाउंट जानकारी अद्यतन करके या एमएएफआईएल से संपर्क करके हमें तुरंत सूचित करने के लिए सहमत हैं.

26. कानून और विवाद समाधान का विकल्प

कानून के टकराव के सिद्धांतों के संदर्भ के बिना, ये नियम भारत के कानूनों के अनुसार नियंत्रित होंगे और अन्वित किए जाएंगे. पक्षकार सहमत हैं कि इन नियमों, प्लेटफ़ॉर्म/नेटवर्क या साइट से उत्पन्न होने वाले या से संबंधित किसी भी विवाद पर त्रिशूर, केरल के न्यायालयों का अनन्य क्षेत्राधिकार होगा. आप स्पष्ट रूप से उक्त न्यायालयों के व्यक्तिगत अधिकार क्षेत्र के लिए सहमति देते हैं और फोरम असुविधा के आधार पर या किसी भी अन्य आधार पर इस तरह के व्यक्तिगत क्षेत्राधिकार के प्रति किसी भी आपत्ति का अधित्याग करते हैं.

27. पंचाट (आर्बिट्रेशन)

आप इस बात से सहमत हैं कि इस समझौते के संबंध में उत्पन्न होने वाले सभी विवादों को आप और एमएएफआईएल द्वारा विचार–विमर्श से सुलझा लिया जाएगा, लेकिन यदि हम सर्वसम्मत निपटान पर पहुँचने में विफल रहते हैं, तो वह विवाद एकमात्र मध्यस्थ को संदर्भित किया जा सकता है, जिसे एमएएफआईएल द्वारा नियुक्त किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और दोनों पक्षों पर बाध्यकारी होगा. इस प्रकार नियुक्त एकमात्र मध्यस्थ की अक्षमता या त्यागपत्र या मृत्यु की स्थिति में, कंपनी पूर्व मध्यस्थ के स्थान पर एक अन्य मध्यस्थ नियुक्त करने का अधिकारी होगी और जिस चरण पर पूर्ववर्ती ने छोड़ा दिया था, कार्यवाहियाँ उस चरण से जारी रहेंगी. इसका खर्च दोनों पक्षों द्वारा समान रूप से वहन किया जाएगा. मध्यस्थता का स्थान त्रिशूर या ऐसे अन्य स्थान पर होगा जैसा कि एमएएफआईएल द्वारा अधिसूचित किया जा सकता है और मध्यस्थता की कार्यवाही मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 द्वारा नियंत्रित होगी और अंग्रेजी भाषा में होगी. मध्यस्थ का निर्णय लिखित रूप से होगा. मध्यस्थ द्वारा मध्यस्थता की कार्यवाही की लागत पर भी निर्णय लिया जाएगा. निर्णय तत्समय प्रभावी लागू कानूनों के अधीन अंतिम और पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा और यह निर्णय किसी भी सक्षम न्यायालय में प्रवर्तन योग्य होगा.

28. सामान्य

पक्षकार स्वतंत्र संविदाकार हैं और इन नियमों में कुछ भी अभिकरण या नियोजन संबंध, फ्रेंचाइज़र–फ्रेंचाइज़ी संबंध, संयुक्त उद्यम या साझेदारी का सृजन करने वाला नहीं समझा जाएगा. ये नियम अपनी विषय वस्तु के संबंध में आपके और हमारे बीच पूर्ण समझौते का गठन करते हैं और विषय वस्तु के संबंध में पक्षकारों के बीच सभी पूर्व और समकालीन वचनों और समझौतों, चाहे लिखित हों या मौखिक, का अधिक्रमण करते हैं. यदि इन नियमों का कोई भी प्रावधान अप्रवर्तनीय या अमान्य माना जाता है, तो इन नियमों के अन्य प्रावधान पूरी तरह से प्रभावी रहेंगे. आप मेकैश की लिखित सहमति के बिना इन नियमों के अंतर्गत नियमों को निर्दिष्ट नहीं कर सकते हैं या अपने दायित्वों को प्रत्यायोजित नहीं कर सकते हैं. इन नियमों से संबंधित किसी भी कार्रवाई में अभिभावी पक्ष गैर–अभिभावी पक्ष से इसके संबंध में अपने उचित कानूनी शुल्क, लागत और संवितरण की वसूली का अधिकारी होगा.

29. शिकायत अधिकारी

सेवाओं से संतुष्ट न होने पर या अभिकर्ताओं/कर्मचारियों के साथ व्यवहार करते समय दृष्टिकोणात्मक न्यूनताएँ पाने पर या सिस्टम की त्रुटियाँ पाने पर या एमएएफआईएल द्वारा वादा किए गए सेवा मानकों और प्रदान की गई वास्तविक सेवा के बीच अंतराल देखने पर, ग्राहक को अपनी शिकायत दर्ज कराने का अधिकार है. यह तंत्र विशेष रूप से ग्राहक शिकायत निवारण के प्रति समर्पित है. शिकायतों की अभिस्वीकृति और शिकायतों का निवारण :

ए. एमएएफआईएल शिकायत की प्राप्ति पर तुरंत शिकायत को स्वीकार करेगा और किसी भी मामले में स्वत: उत्तर के साथ असाधारण मामलों में अधिकतम तीन सप्ताह की अवधि के भीतर शिकायत का समाधान करवाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा.

बी. शिकायतों का निवारण करते हुए की गई कार्रवाई, प्रगति और/या निवारण में देरी के कारणों, यदि कोई हो, के संबंध में ग्राहक को अवगत रखा जाएगा.

सी. ई–मेल से प्राप्त शिकायतों को तत्काल प्रणाली जनित प्रत्युत्तर द्वारा या संभव सीमा तक व्यक्तिगत ईमेल के माध्यम से अभिस्वीकृत किया जाएगा.

डी. ऐसी शिकायतों के संबंध में की गई अनुवर्ती कार्रवाई ग्राहकों को ईमेल के माध्यम से सूचित की जाएगी.

30. नोटिस

एमएएफआईएल आपको ईमेल, साइट पर नियमित मेल या पोस्टिंग या किसी अन्य उचित माध्यम से नोटिस और संप्रेषण प्रदान कर सकता है. सिवाय जैसा कि अन्यथा इसमें दिया गया है, एमएएफआईएल को नोटिस कोरियर या पंजीकृत मेल द्वारा मणप्पुरम फायनेंस लिमिटेड चतुर्थ/470 (पुराना) डब्ल्यू638ए (नया), मणप्पुरम हाउस, वलापड, त्रिशूर, केरल – 680 567 को भेजा जाना चाहिए.

31. अधित्याग

इस समझौते के किसी भी अधिकार या प्रावधान का प्रयोग करने या प्रवर्तित करने में एमएएफआईएल की विफलता ऐसे अधिकार या प्रावधान के अधित्याग का गठन नहीं करेगी. केवल लिखित और एमएएफआईएल द्वार हस्ताक्षरित होने पर ही, इस समझौते के किसी भी प्रावधान का कोई भी अधित्याग प्रभावी होगा.

32. पृथक्करणीयता

यदि इस समझौते का कोई भी प्रावधान गैरकानूनी, शून्य, अमान्य या अन्यथा अप्रवर्तनीय ठहराया जाता है, तो वह प्रावधान आवश्यक न्यूनतम सीमा तक सीमित या इस समझौते से समाप्त हो जाएगा और शेष प्रावधान वैध और प्रवर्तनीय बने रहेंगे.

33. समनुदेशन

हमारी पूर्व लिखित सहमति के बिना आपके द्वारा यह समझौता और इसमें दिया गया कोई भी अधिकार हस्तांतरित या समनुदेशित नहीं किया जा सकता है, जिसे हमारे पूर्ण

विवेकाधिकार से रोक रखा जा सकता है, लेकिन किसी भी व्यवसायिक पुनर्गठन के भाग के रूप में प्रतिबंध के बिना हमारे सहयोगियों को हमारे द्वारा समनुदेशित किया जा सकता है. इस प्रावधान का उल्लंघन करते हुए समनुदेश किए जाने का कोई भी प्रयास शून्य और अप्रभावी होगा.

34. उत्तरजीविता

इस समझौते की समाप्ति पर, कोई भी प्रावधान, जिसे अपनी प्रकृति या अभिव्यक्त नियमों के अनुसार अस्तित्व में बना रहना चाहिए, ऐसी समाप्ति या अवसान पर अस्तित्व में बना रहेगा, जैसा कि ऐसी समाप्ति या अवसान से पहले हस्तान्तरण और संबंध पर लागू होता है.

35. शीर्षक

.यहाँ पर शीर्षक संदर्भ केवल सुविधा के प्रयोजन से हैं, इन नियमों व शर्तों के भाग का गठन नहीं करते हैं, और इसका कोई भी प्रावधान सीमित या प्रभावित करने वाला नहीं समझे जाएंगे.